SUNDAY | 14.12.2025 | पौष कृष्ण-दशमी विक्रम संवत-2082 उत्तर प्रदेश

अमर उजाला

PAGE NO 10 : TOP

# मुकाबले से पहले यूपी की टीम ने अभ्यास सत्र में बहाया पसीना

## स्टेडियम में चल रहीं तैयारियां, 16 से 19 दिसंबर तक होगा कूच बिहार ट्रॉफी का मुकाबला

city sports

संवाद न्यूज एजेंसी



श्रीराम मूर्ति स्मारक क्रिकेट मैदान पर अभ्यास करती यूपी की टीम। स्रोत : स्वयं

बरेली। जिले में तीसरी बार आयोजित हो रहे अंडर-19 कूच बिहार ट्रॉफी के मैच को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं। 16 से 19 दिसंबर के बीच यूपी और बंगाल की टीमों के बीच होने वाले मुकाबले के लिए भोजीपुरा स्थित श्रीराम मूर्ति स्मारक क्रिकेट मैदान को बीसीसीआई के मानक के अनुसार तैयार किया जा रहा है। शुक्रवार रात बरेली पहुंची यूपी अंडर-19 टीम ने शनिवार सुबह स्टेडियम में आयोजित अभ्यास सत्र में पसीना बहाया।

हेड कोच ध्रुव सिंह के मार्गदर्शन में यूपी के खिलाड़ियों ने बल्लेबाजी, गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण का अभ्यास किया। फिटनेस व तकनीक पर विशेष फोकस रहा। हेड कोच ने बताया कि टीम इस समय अंक तालिका में 19 अंकों के साथ मजबूत स्थिति में है। बंगाल को हराने पर यूपी की टीम सीधे क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर जाएगी। इसी लक्ष्य को ध्यान में रखकर तैयारी की जा रही है।

**पिता से मिली क्रिकेट की प्रेरणा** : यूपी टीम के कप्तान गाजियाबाद निवासी भव्य गोयल ने बताया कि उन्हें क्रिकेट की प्रेरणा अपने पिता से मिली। फिर उन्होंने अकादमी



जानकारी देते कप्तान भव्य गोयल, साथ में मैनेजर विनय कुमार और हेड कोच ध्रुव सिंह। अमर उजाला

जाना शुरू किया और धीरे-धीरे क्रिकेट में आगे बढ़ते चले गए। विराट कोहली को आदर्श मानने वाले ऊपरी क्रम के बल्लेबाज भव्य गोयल ने कहा कि पहले अभ्यास सत्र में बल्लेबाजी, गेंदबाजी और फील्डिंग तीनों पर बराबर ध्यान दिया गया। टीम का माहौल काफी सकारात्मक है।

सभी खिलाड़ी अपने स्वाभाविक खेल पर भरोसा रखते हुए मैदान में उतरने के लिए तैयार हैं। बरेली का मैदान टीम के लिए होम ग्राउंड जैसा है।

**पिच व मैदान को किया जा रहा तैयार** : बरेली क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव सीताराम सक्सेना ने बताया कि पिच और ग्राउंड की सभी तैयारियां बीसीसीआई से आए मुख्य पिच क्यूरेटर शिव कुमार यादव की देखरेख में पूरी की जा रही हैं। उनके साथ सहयोगी पिच क्यूरेटर मो. यूसुफ और वरिष्ठ संयुक्त सचिव ओपी कोहली भी लगातार निगरानी कर रहे हैं।

### बेहतरीन लय में हैं खिलाड़ी

कोच ने बताया कि तेज गेंदबाज आयान ने टूर्नामेंट में अब तक नियंत्रित और प्रभावी गेंदबाजी करते हुए 24 विकेट हासिल किए हैं। भव्य गोयल लगातार रन बना रहे हैं, जबकि अनमोल नौशरन के बल्ले से भी निरंतर रन निकल रहे हैं। भावी शर्मा और कार्तिकेय शर्मा भी अच्छी लय में हैं। खिलाड़ी 70-80 रन तक पहुंच रहे हैं। अब उन्हें इसे शतक में तब्दील करना है। यह टीम का पहला अभ्यास सत्र है। फिलहाल विकेट पर तेज गेंदबाजों और बल्लेबाजों दोनों को मदद मिलने की उम्मीद है। अंतिम अभ्यास सत्र के बाद ही अंतिम एकादश का चयन किया जाएगा। टीम मैनेजर विनय कुमार ने अभ्यास सत्र को सफल बताया।